थारी मोरछड़ी लहराओ

म्हापे संकट आयो भारी, अब न देर लगाओ थारी मोरछड़ी लहराओ,थारी मोरछड़ी लहराओ

श्याम-श्याम सुबह शाम रटु पर, श्याम कृपा नही होई
सुण्या है थारी मोरछड़ी बिन जागे न किस्मत सोई
अब तो लीले चढ़कर बाबा ,
अब तो लीले चढ़कर तुम जीवन का कष्ट मिटाओ
थारी मोरछड़ी लहराओ -2

तकलीफों से घिरा हुआ में, तेरी शरण में आया
ढूंढा सकल जगत में,तुमसा दर कहीं न पाया
बाबा बाँह पकड़के अब तो,
बाबा बाँह पकड़के अब तो मुझे किनारे लगाओं
थारी मोरछड़ी लहराओ -2

दुनिया हंसती है अब मुझपे, अपने भी मुस्काएं
क्या भक्ति में कमी है मेरे क्यूँ न सांवरा आए
मेरी नैया श्याम कन्हैया
मेरी नैया श्याम कन्हैया
अब तो पार लगाओ
थारी मोरछड़ी लहराओ -2

भजन प्रवाहक - टीना बालोटिया (दिल्ली) 9582989661
लेखक- रिंकू शर्मा (रसिक)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35132/title/thari-morchadi-lehrao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |